मीरजापुर में उप निबंधन कार्यालय भवन का भूमिपूजन

राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने किया शिलान्यास

आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन बनने से लोगों को मिलेगी बेहतर पंजीयन व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर : उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने रविवार को मीरजापुर जिले में निबंधन विभाग से संबंधित प्रस्तावित नए भवनों के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उप महानिरीक्षक निबंधन, सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं उप निबंधक कार्यालय सदर के भवन का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ निबंधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि निबंधन विभाग आम लोगों से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण विभाग है। जमीन, मकान और अन्य संपत्तियों के पंजीयन से संबंधित कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोगों को रजिस्ट्री कार्यालयों में आना पड़ता है। ऐसे में कार्यालय भवनों का बेहतर और सुविधाजनक होना जरूरी है। नए भवन के निर्माण से अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य करने के लिए बेहतर वातावरण मिलने के साथ ही आम नागरिकों को भी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी कार्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और नागरिकों को पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है। निबंधन कार्यालयों में आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें निर्धारित समय में सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें, इसके लिए कार्यालयों की व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख इन्द्र बहादुर पाण्डेय और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनोद कुमार सिंह समेत निबंधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रस्तावित भवन निर्माण से संबंधित जानकारी भी साझा की। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने राज्यमंत्री को कार्यालय की वर्तमान व्यवस्था और निबंधन कार्यों से संबंधित जानकारी दी। नए भवन के निर्माण से विभागीय कार्यों के संचालन में सुविधा मिलने तथा पंजीयन से संबंधित सेवाओं को और व्यवस्थित तरीके से संचालित किए जाने की उम्मीद जताई गई।

इस अवसर पर उप महानिरीक्षक निबंधन, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, उप निबंधक सदर सहित रजिस्ट्री कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सपा की 'सैफई वापसी' सुनिश्चितः केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पार्टी नेतृत्व ने अब उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। महज उनके उत्तर प्रदेश आगमन से ही सपाई 'सन्न' हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के उत्तर प्रदेश आगमन के बाद सपा का क्या हाल होगा? उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के साथ ही सपा की 'सैफई वापसी' सुनिश्चित है। केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सपा और राजद दोनों दलों की राजनीतिक कुंडली एक सरीखी है। मसलन, चाल, चरित्र और चेहरे में दोनों एक-दूसरे को ज़बरदस्त मात देते हैं, क्योंकि दोनों जंगलराज, गुंडाराज, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति के ही प्रतीक हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में सपा का एक भी प्रत्याशी मैदान में नहीं था। इसके बावजूद सपा बहादुर अखिलेश यादव वहां अखाड़े में उतर गए। उनका आचरण जनता ने देखा। भाजपा को हराने का सपना देखने वाली राजद-कांग्रेस-सपा की तिकड़ी का यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तब के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अजेय विजेता जोड़ी ने जनता के आशीर्वाद से सूपड़ा ही साफ कर दिया था।

डबल डेकर बस में लगी भीषण आग 30 यात्रियों का सकुशल रेस्क्यू

गोरखपुर से गुजरात जा रही थी बस, सामान जलने की सूचना

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को शहीद पथ पर एक डबल डेकर बस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बस गोरखपुर से गुजरात जा रही थी। मेदांता अस्पताल के सामने बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, चलते समय बस के एक टायर में आग लगी, जिसने देखते ही देखते बस के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, समय रहते सभी 30 यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ यात्रियों के सामान के जलने की जानकारी सामने आई है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईंगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। अपर पुलिस (दक्षिणी) रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि टायर फटने की वजह से हादसा हुआ है। हादसे के बाद यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर शहीद पथ पर कुछ समय के लिए यातायात डायवर्ट किया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के अनुसार, स्थिति फिलहाल सामान्य और नियंत्रण में है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हैं।

विनोद तावड़े ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात कहा-यूपी में तीसरी बार बनेगी एनडीए सरकार

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी जगदीश पटेल ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से संगठन, सरकार एवं चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विनोद तावड़े ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा 'यूपी की रफ्तार रहेगी बरकरार, तीसरी बार बनेगी एनडीए सरकार'। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भाजपा का हर कार्यकर्ता 2027 में पुनः एनडीए सरकार बनाकर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भेंट कर चुके हैं। शनिवार को

प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े , राष्ट्रीय मंत्री व सह प्रभारी जगदीश पटेल तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। बैठक में उन्होंने संगठन की गतिविधियों, चल रहे अभियानों की प्रगति, बूथ स्तर के सुदृढ़ीकरण तथा आगामी चुनावों की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रयागराज में यमुना-गंगा का जल स्तर स्थिर, सभी बांध सुरक्षित

प्रयागराज। विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज जिले में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर फिलहाल सामान्य स्थिति में है। बीते 24 घंटे में नदी के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। जिले में कहीं भी बारिश नहीं हुई है। सभी बांध और तटबंध सुरक्षित हैं।

यमुना नदी का नैनी स्थित जलस्तर 81.95 मीटर दर्ज किया गया, जिसमें पिछले 24 घंटे में 11 सेंटीमीटर की कमी आई है। वहीं, गंगा नदी का फाफामऊ में जलस्तर 82.26 मीटर रहा, जिसमें 46 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई। छतनाग में गंगा का जलस्तर 81.42 मीटर रहा और यहां 17 सेंटीमीटर की कमी आई है। एसटीपी बक्सी बांध पर जलस्तर 82.07 मीटर दर्ज किया गया, जिसमें सात सेंटीमीटर की कमी हुई है।

च्यवन ऋषि आश्रम का सौंदर्यीकरण करायेगी सरकार, 61 लाख रुपये की पहली किस्त जारी

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा की महान विभूति और 'च्यवनप्राश' के जनक च्यवन ऋषि के कन्नौज स्थित आश्रम का पर्यटन विकास करने जा रही है। च्यवनऋषि आश्रम भारतीय ऋषि परंपरा, तपस्या एवं आयुर्वेदिक ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। मान्यताओं के अनुसार, महर्षि च्यवन ने इसी तपोस्थली पर कठोर साधना की थी। पर्यटन विभाग ने च्यवन ऋषि से जुड़ी पौराणिक स्थली के पर्यटन विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास योजना अंतर्गत जनपद के विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ के विकासखंड गुगरापुर स्थित आश्रम के पर्यटन विकास हेतु 81.35 लाख रुपए की परियोजना को मंजूरी मिली है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'कन्नौज स्थित च्यवन ऋषि आश्रम, भारतीय ऋषि परंपरा, तपस्या और आयुर्वेदिक ज्ञान की अमूल्य धरोहर है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि च्यवन ने यहीं कठोर तपस्या की थी। आयुर्वेद में विशेष स्थान रखने वाले ऋषि च्यवन का नाम आज भी 'च्यवनप्राश' के माध्यम से घर-घर में जाना जाता है, जो स्वस्थ और खुशहाल जीवन का प्रतीक माना जाता है। ऐसे ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व वाले स्थल के पर्यटन विकास से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को विशिष्ट पहचान मिलेगी और श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए आकर्षण बढ़ेगा।'

च्यवन ऋषि आश्रम में बढ़ेंगी पर्यटक सुविधाएं : कन्नौज जनपद स्थित च्यवन ऋषि आश्रम के पर्यटन विकास के लिए पहली किस्त के रूप में 61 लाख रुपए जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की वृहद श्रृंखला अंतर्गत श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। आश्रम के निकट बहुउद्देश्यीय हॉल (मल्टीपर्पज हॉल) का निर्माण कराया जाएगा। पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। परिसर में रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट, आगंतुकों के बैठने के लिए आरसीसी बेंच और मार्गदर्शन के लिए साइनेज की व्यवस्था होगी। पर्यटन विभाग का फोकस स्थल पर आगंतुकों के लिए जरूरी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर रहेगा।

ऐसे हुआ च्यवनप्राश का आविष्कार : पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कन्नौज स्थित च्यवन ऋषि आश्रम वही तपोभूमि है, जहां महर्षि च्यवन ने वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। कहा जाता है कि उनकी तपस्या के दौरान उनके चारों ओर दीमक का विशाल टीला बन गया था और इसी स्थान पर राजकुमारी सुकन्या से जुड़ी प्रसिद्ध कथा घटित हुई। बाद में सुकन्या की सेवा, समर्पण और अश्विनी कुमारों के दिव्य आशीर्वाद से महर्षि च्यवन को पुनः यौवन और दृष्टि प्राप्त हुई। इसके पश्चात उन्होंने आयुर्वेद और मानव स्वास्थ्य के कल्याण के लिए शोध कार्य किया। मान्यता है कि इसी ज्ञान परंपरा से 'च्यवनप्राश' जैसे अमूल्य आयुर्वेदिक योग का उद्भव हुआ, जो आज भी स्वास्थ्य, दीर्घायु और जीवन शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

आपका राशिफल 07 सितम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक 4 6 8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक 1 3 5

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक 4 7 9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

मुरादाबाद में लगातार तीसरे दिन भी जमकर बरस रहे मेघ, जन-जीवन प्रभावित

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मुरादाबाद : पीतलनगरी मुरादाबाद में सावन के प्रारंभ से शुरू हुई बारिश भाद्रपद की दशमी तिथि तक जारी है। पूर्व दिशा से जबरदस्त नमी भरी हवा चलने के साथ पहले आसमान पर घने बादल छाए रहने और फिर रुक रुककर हो रही बारिश से मौसम का मिजाज एकाएक रविवार को भी बदल गया। मुरादाबाद में शुक्रवार और शनिवार को भी दिन भर बारिश हुई थी। आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रुक रुक कर तेज बारिश जारी है। बारिश के दौरान रविवार सुबह से दोपहर तक शहर की बिजली व्यवस्था बहुत अधिक प्रभावित हो गई।

मुरादाबाद जनपद में लगातार हो रही बारिश से मुरादाबाद और आसपास के जनपदों के मौसम में काफी परिवर्तन आ गया है। रविवार को मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सुबह से आसमान पर छाए गरजदार बादलों ने सुबह से दोपहर तक कई बार तेज बौछार बरसाई जिससे मौसम काफी खुशगवार हो गया। मौसम विभाग ने मुरादाबाद में चार दिन भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया था। लगातार तीसरे दिन बारिश जारी है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक सोमवार को आसमान पर काफी घने बादल छाए रहेंगे और लगातार बारिश का सिलसिला बना रह सकता है। एक या दो बार बहुत ज्यादा तेज बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विशेषण के प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि बीते एक माह से अधिक से मुरादाबाद जनपद में बारिश जारी हैं। इस बार शीत ऋतु का आगमन दीपावली के तुरंत बाद हो जाएगा।

नमामि गंगे स्वयंसेवकों ने सामने घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान, गंगा स्वच्छता के लिए किया जागरूक

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने रविवार को वाराणसी के सामने घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर गंगा तट की सफाई की। अभियान के बाद स्वयंसेवकों ने मां गंगा की आरती उतारी और गंगा के जलस्तर में शीघ्र कमी आने तथा तटवर्ती क्षेत्रों से बाढ़ का संकट पूरी तरह टलने की प्रार्थना की।

स्वयंसेवकों ने गंगा स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लेते हुए घाट पर मौजूद लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान राष्ट्रध्वज, स्वच्छता संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां और कपड़े से बने झोले लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। लोगों से गंगा घाटों को स्वच्छ रखने और गंगा में किसी भी प्रकार का कचरा न डालने की अपील की गई।

मस्जिद के नीचे मिला कुआं पुरातात्विक जांच की तैयारी

उम्र का पता लगाने के लिए एएसआई को बुलाया गया

सहारनपुरः सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद ढहाए जाने के बाद मलबे के नीचे एक कुआं मिलने से प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। कुआं करीब 20 फीट गहरा और डेढ़ मीटर चौड़ा बताया जा रहा है। प्रशासन अब इसकी प्राचीनता और इतिहास का पता लगाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जांच कराने की तैयारी कर रहा है।

जानकारी के अनुसार कुआं पत्थर के स्लैब से ढंका हुआ था। प्रशासन ने कटर की सहायता से पत्थर हटवाया, जिसके बाद कुआं दिखाई दिया। इसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से कुएं को लोहे की चादर से ढंक दिया गया, ताकि मलबा अंदर न जा सके। घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात है और बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई है।

मस्जिद के संबंध में शिकायत करने वाले विकास त्यागी ने दावा किया कि इस स्थान पर पहले मंदिर रहा होगा और मस्जिद उसके बाद बनाई गई होगी। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। इस बीच मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। सांसद चंद्रशेखर ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले की लड़ाई सदन, न्यायालय और सड़क पर लड़ी जाएगी। उन्होंने मस्जिद गिराने की कार्रवाई में जल्दबाजी किए जाने पर भी प्रश्न उठाए। वहीं मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया के माध्यम से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से इस मुद्दे को लेकर सवाल किया।

शनिवार को करीब 16 घंटे तक बुलडोजर चलाकर मस्जिद को ढहाया गया था। रविवार सुबह तक परिसर से मलबा हटाने का काम जारी रहा। प्रशासन का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई।

दूसरी ओर मस्जिद पक्ष का आरोप है कि उसे उच्च न्यायालय में अपील करने का अवसर नहीं दिया गया। पक्ष के वकील बाबर वसीम ने कार्रवाई के खिलाफ उच्च न्यायालय जाने की बात कही है।

मुस्लिम धर्मगुरुओं और मस्जिद पक्ष का दावा है कि मस्जिद करीब 100 वर्ष पुरानी थी। उनका कहना है कि लगभग 70 वर्ष पुराने वक्फ दस्तावेजों में भी इस मस्जिद का उल्लेख मिलता है।

दवा कारोबारी की गला काटकर हत्या, नौकर समेत दो गिरफ्तार

कानपुरः कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में करोड़पति दवा कारोबारी की गला काटकर हत्या के मामले में पुलिस ने उनके नौकर समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम हुई कार्रवाई में दोनों आरोपितों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विशाल गौतम (30) और राज किशोर (30) के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, विशाल कारोबारी का नौकर था। पूछताछ में उसने दावा किया कि कारोबारी की बहू के कहने पर उसने हत्या की और इसके लिए पैसे देने की बात कही गई थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

घटना शहर के पॉश इलाके कल्याणपुर स्थित रतन आर्बिट अपार्टमेंट की है। 63 वर्षीय दवा कारोबारी का शव रविवार तड़के करीब 3 बजे उनके फ्लैट के कमरे में फर्श पर खून से लथपथ मिला था। कमरे में चारों तरफ खून फैला हुआ था। वारदात शनिवार रात करीब 10:30 बजे से रविवार तड़के 3 बजे के बीच हुई।

जानकारी के अनुसार, घटना के समय कारोबारी का बेटा, बहू और पोता एक पार्टी में गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो फ्लैट का मुख्य दरवाजा खुला मिला। अंदर पहुंचने पर उन्होंने कारोबारी का शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दो संदिग्ध लोगों के फ्लैट में जाते हुए दिखाई देने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

जांच के दौरान पुलिस ने अपार्टमेंट के प्रवेश द्वार और आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। साथ ही अपार्टमेंट के प्रवेश रजिस्टर को भी कब्जे में लिया गया। पुलिस अब हत्या के पीछे के कारणों और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

बाढ़ का कहर, घरों में घुटनों तक भरा पानी

मुख्यमंत्री योगी ने चित्रकूट का हवाई सर्वे किया, 58 जिलों में बारिश का अलर्ट

नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊः उत्तर प्रदेश में लगातार जारी मानसूनी बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर और अयोध्या समेत प्रदेश के 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। कई इलाकों में नदियों का पानी रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंच गया है, जबकि लगातार बारिश के कारण सड़कें, गलियां और निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चित्रकूट के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मंदाकिनी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखा और प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रैन बसेरों में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 800 प्रभावित परिवारों को 50-50 किलो की राहत सामग्री वितरित की गई। इससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री ने वाराणसी में भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया था।

प्रदेश में बारिश का सबसे अधिक असर कई जिलों में देखने को मिल रहा है। बरेली में तेज बारिश के कारण लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया। कई मकानों के किचन और बेडरूम में घुटनों तक पानी भरने से परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग घरों से पानी निकालने में जुटे रहे और सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। बिजनौर में भी भारी बारिश से हालात बिगड़ गए। कई सड़कें और गलियां पानी में डूबकर तालाब जैसी दिखाई देने लगीं। जलभराव का असर सरकारी अस्पताल तक पहुंचा, जहां तीन से चार फीट तक पानी भर गया। इससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी असर पड़ा। श्रावस्ती में भारी बारिश के कारण बाइपास का करीब 400 मीटर हिस्सा जलमग्न हो गया। लखीमपुर के बाढ़ प्रभावित गांवों में हालात का जायजा लेने जिलाधिकारी को ट्रैक्टर से पहुंचना पड़ा। लगातार बारिश और जलभराव के कारण कई क्षेत्रों में आवागमन भी प्रभावित हुआ है। प्रयागराज में बाढ़ का असर दारागंज घाट तक पहुंच गया है। यहां शवदाह गृह में पानी भरने के कारण अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वाराणसी और कानपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी रिहायशी इलाकों और घरों तक पहुंच गया है। कई लोग अपने घरों में पानी भरने के बाद सुरक्षित स्थानों की तलाश कर रहे हैं, जबकि कुछ परिवार छतों पर रहने को मजबूर हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 54 जिलों में बारिश दर्ज की गई। बिजनौर में सबसे अधिक 90 मिलीमीटर वर्षा हुई। बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्थिति पर नजर रखी जा रही है।